पाठ 6 - पार नज़र के

पृष्ठ संख्या: 50

प्रश्न अभ्यास

कहानी से

1. छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

उत्तर

छोटू का परिवार मंगल ग्रह पर बने भूमिगत घरों में रहता था।

2. छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नहीं थी? पाठ के आधार पर लिखो।

उत्तर

छोटू या किसी आम आदमी को सुरंग में जाने की इजाजत नहीं थी क्योंकि उस सुरंग से जमीन पर जाने का रास्ता था जहाँ आम आदमी का जाना मना था।

3. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की?

उत्तर

कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने देखा की सब लोग मंगल पर उतरे अंतरिक्ष यान से परेशान थे। सब लोग स्क्रीन पर दिखाई दे रही यान की हरकत को ध्यान से देख रहे थे परन्तु छोटू का सारा ध्यान कॉन्सोल पैनेल पर था जिसका लाल बटन उसे आकर्षित कर रहा था। अपनी इच्छा को वह रोक नहीं पाया और उसने बटन दबाने की हरकत कर दी।

4. इस कहानी के अनुसार मंगल ग्रह पर कभी आम जन-जीवन था। वह सब नष्ट कैसे हो गया? इसे लिखो।

उत्तर

मंगल ग्रह पर जीवन सूरज में परिवर्तन आने की वजह से नष्ट हो गया। धीरे-धीरे वातावरण में परिवर्तन होने लगा जिसे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया। प्रकृति के बदले हुए रूप का सामना करने में वहाँ के पशु-पक्षी, पेड़-पौधे अन्य जीव अक्षम साबित हुए।

5. कहानी में अंतरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों?

उत्तर

अंतरिक्ष यान को नेशनल एअरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने मंगल की मिट्टी के विभिन नमूने इकट्ठे करने के लिए भेजा था ताकि इस बात का पता चल सके कि क्या मंगल ग्रह पर भी पृथ्वी की ही तरह जीव सृष्टि का अस्तित्व है।

6. नंबर एक, नंबर दो और नंबर तीन अजनबी से निबटने के कौन से तरीके सुझाते हैं और क्यों?

उत्तर

नंबर एक ने कहा कि अंतरिक्ष यानों के बेकार से कोई भला नहीं होने वाला, इससे हमें जानकारी प्राप्त करना और भी कठिन हो जाएगा। उसके अनुसार यान जीव रहित हैं इसलिए इनसे उनके गृह को कोई खतरा नहीं है। नंबर दो ने भी नंबर एक की बात का बात का समर्थन करते हुए कहा कि यंत्र बेकार कर देने से दूसरे गृह के लोग हमारे बारे में जान जायेंगे इसलिए हमें केवल अवलोकन करते रहना चाहिए। नंबर तीन ने अपने अस्तित्व को छिपाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कि हमें कुछ ऐसा प्रबंध करना चाहिए ताकि यान भेजने वाले को लगे की इस गृह में कुछ ख़ास नहीं है।

पृष्ठ संख्या: 51

भाषा की बात

1. सिक्योरिटी - पास उठाते ही दरवाज़ा बंद हो गया।
यह बात हम इस तरीके से भी कह सकते हैं - जैसे ही कार्ड उठाया, दरवाज़ा बंद हो गया।
ध्यान दो, दोनों वाक्यों में क्या अंतर है। ऐसे वाक्यों के तीन जोड़े तुम स्वयं सोचकर लिखो।

उत्तर

• घंटी बजते ही छुट्टी हो गयी।
जैसे ही घंटी बजी छुट्टी हो गयी।

• सीटी बजते ही रेलगाड़ी चल पड़ी।
जैसे ही सीटी बजी रेलगाड़ी चल पड़ी।

• मेरे दौड़ते ही वो भाग गया।
जैसे ही मैं दौड़ा वो भाग गया।

पृष्ठ संख्या: 52

2. छोटू ने चारों तरफ़ नज़र दौड़ाई।
छोटू ने चारों तरफ़ देखा।
उपर्युक्त वाक्यों में समानता होते हुए भी अंतर है। वाक्यों में मुहावरे विशिष्ट अर्थ देते हैं। नीचे दिए गए वाक्यांशों में 'नज़र' के साथ अलग-अलग क्रियाओं का प्रयोग हुआ है। इनका वाक्यों या उचित संदर्भों में प्रयोग करो -
नज़र पड़ना नज़र रखना
नज़र आना नज़रें नीची होना

उत्तर

नज़र पड़ना - बाहर से आती चमकती रोशनी पर मेरी नज़र पड़ी।

नज़र रखना - पुलिस चोर पर नज़र रखे हुए है।

नज़र आना - मोहित के चोरी सबके नज़र में आ गई।

नज़रें नीची होना - चोरी करते हुए पकडे जाने पर उसकी नज़रें नीची हो गयीं।

3. नीचे दो-दो शब्दों की कड़ी दी गई है। प्रत्येक कड़ी का एक शब्द संज्ञा है और दूसरा शब्द विशेषण है। वाक्य बनाकर समझो और बताओ कि इनमें से कौन-से शब्द संज्ञा हैं और कौन-से विशेषण।
आकर्षक आकर्षण
प्रभाव प्रभावशाली
प्रेरणा प्रेरक

उत्तर

संज्ञा - विशेषण

आकर्षक - आकर्षण

प्रभाव - प्रभावशाली

प्रेरणा - प्रेरक

• वह अपने हँसी-मज़ाक वाले अंदाज़ के कारण आकर्षण का केंद्र बन गयी।
यह कलम देखने में बहुत आकर्षक है।

• धूम्रपान का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।
गांधीजी का व्यक्तित्व प्रभावशाली है।

• हम इस कहानी से कुछ करने की प्रेरणा मिलती है।
यह पुस्तक प्रेरक कहानियों से भरी है।

4. पाठ से फ़ और ज़ वाले (नुक्ते वाले) चार-चार शब्द छाँटकर लिखो। इस सूची में तीन-तीन शब्द अपनी ओर से भी जोड़ो।

उत्तर

'फ़' नुक्ता वाले शब्द-
तरफ़
स्टाफ़
सिर्फ़
साफ़
सफ़ेद
फ़ल
फ़र्क

'ज़' नुक्ता वाले शब्द-
रोज़
नज़र
इंतज़ार
ज़मीन
ज़रा
ज़ोर
अंग्रेज़ी